**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding introduction of regular flight services from Patahi Airport in Muzaffarpur district, Bihar.

**श्रीमती वीणा देवी (वैशाली)**: महोदय, उत्तर बिहार का सबसे बड़ा व्यापारिक केन्द्र मुजफ्फरपुर जिला, बिहार जिसे भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी के लिए चयनित किया है, यहां पताही हवाई अड्डा में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है । यहां से नियमित हवाई यात्रा शुरू करने से उत्तर बिहार के सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, छपरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, आदि अनेकों जिले हवाई मार्ग से जुड़ जायेंगे और सरकार को भी भारी राजस्व की प्राप्ति होगी एवं विकास के मार्ग खुलेंगे ।

अत: इस संबंध में केंद्र सरकार से निवेदन है कि पताही हवाई अड्डा, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार से नियमित हवाई यात्रा सेवा शुरू करने की दिशा में शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं ।